वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :5 अंक : 60 मंगलवार 24 जून 2025 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

**जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को दिये निर्देश**

# युवाओं को नशे की प्रवृत्ति से दूर रखने के लिए हर संभव प्रयास हो



## कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई नार्को कॉर्डिनेशन सेंटर की समिति की बैठक

**जयपुर. कासं**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित नार्को कॉर्डिनेशन सेंटर की जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को जिले में युवाओं को नशे की लत से दूर करने और दूर रखने के लिए प्रभावी कार्ययोजना का धरातल पर क्रियान्वयन के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को मादक पदार्थों के अवैध उत्पादन, भंडारण एवं परिवहन पर सख्त कार्रवाई करने के लिए भी निर्देशित है। बैठक में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने नशा मुक्त जयपुर अभियान के तहत तंबाकू मुक्त पुलिस स्टेशन का पोस्टर विमोचन किया। उन्होंने ने अधिकारियों को सार्वजनिक स्थल पर धूम्रपान करने वालों के साथ-साथ विद्यालयों एवं कॉलेजों के पास स्थित दुकानों पर तम्बाकू उत्पाद बेचने वालों, दवा दुकानों की जांच करने एवं प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री, तय सीमा से अधिक दवा बिक्री, बिना लाइसेंस के दवा बिक्री सहित समस्त प्रकार की अनियमितताओं के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिये। बैठक में जिला कलक्टर ने औषधि नियंत्रण विभाग के अधिकारियों को जयपुर जिले की शत–प्रतिशत मेडिकल स्टोर पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के लिए दुकानदारों को प्रेरित करने के निर्देश दिये। औषधि नियंत्रण विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि नियमों का उल्लंघन करने वाले एवं प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री करने वाले दवा विक्रेताओं के खिलाफ लाइसेंस निलंबन एवं निरस्त करने की कार्रवाई को अंजाम दिया जा रहा है। साथ ही उन्होंने युवाओं को नशे की जद में आने से बचाने के लिए सघन जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया। उन्होंने नशा मुक्त जयपुर अभियान को जन-जन का अभियान बनाने के लिए अधिक से अधिक युवाओं को अभियान के तहत ई-शपथ लेने के लिए प्रेरित करने भी निर्देश दिये। जिला पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आनन्द शर्मा ने बताया कि कोटपा अधिनियम, 2003 सिगरेट और तंबाकू से जुड़े उत्पादों पर नियंत्रण रखने के लिए बनाया गया है। इस अधिनियम के तहत, सार्वजनिक जगहों पर धूम्रपान करना, तंबाकू बेचना, और तंबाकू से जुड़े विज्ञापन करना मना है कोटपा अधिनियम का उल्लंघन करने पर जुमार्ना और जेल हो सकती है। उन्होंने बताया कि 18 साल से कम उम्र के बच्चों को तंबाकू एवं इससे बने नशीले पदार्थ बेचना निषेध है। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को नशे के प्रवृति से दूर रखने के लिए विशेष जागरूकता अभियान ऑपरेशन नोक आउट भी चलाया जा रहा है। बैठक में जानकारी दी गई कि एनडीपीएस एक्ट की धारा 68 (एफ) के तहत नारकोटिक्स के मुकदमे के अपराधियों के विरुद्ध वित्तीय जांच करने का प्रावधान है। एक्ट के प्रावधानों के तहत इस मुकदमे के 6 साल पूर्व तक की अवधि में मादक पदार्थों के अवैध व्यापार से अर्जित संपत्तियों चाहे वह परिवार के किसी अन्य सदस्य के नाम पर हो अथवा बेनामी हो उसको सीज अथवा फ्रीज किया जा सकता है। एक्ट के तहत वाणिज्यिक मात्रा में बरामद मादक पदार्थों के तस्करों एवं ऐसी प्रवृत्तियों में अभ्यस्त तस्करों को एक साल तक जेल में निरुद्ध करने का भी प्रावधान है। उन्होंने बताया कि आमजन मानस पोर्टल अथवा हेल्पलाइन नंबर 1933 पर ऐसे अपराधियों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारियों को जिले में बिना लाइसेंस के संचालित अवैध नशामुक्ति केन्द्रों पर प्रभावी कार्रवाई के एवं नवजीवन योजना के चिन्हित व्यक्तियों परिवारों को योजना के लाभांवित करने के लिए निर्देशित दिये। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (दक्षिण) संतोष कुमार मीणा सहित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, औषधि नियंत्रक विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, वन विभाग सहित अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# रंगमंच कलाकार सुनील सोगण के निर्देशन में नशा- एक विनाश का रास्ता नाटक का सफल मंचन

## सोगण ने मुख अभिनय सेव दा वाटर का एकल मंचन किया




**चौमूं. शाबाश इंडिया।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड के तत्वावधान में आयोजित कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर का समापन राजकीय चिकित्सालय परिसर चोमूं में किया गया। समारोह के समापन पर रंगमंच कलाकार गोल्ड मेडलिस्ट सुनील सोगण के निर्देशन में नशा - एक विनाश का रास्ता नुक्कड़ नाटक का प्रभावी मंचन किया गया। नाटक में बताया गया है कि नशा एक सामाजिक बुराई है इसका सेवन किसी भी प्रकार से हितकारी नहीं है। नशे के कारण लोगों की शारीरिक मानसिक आर्थिक स्थिति खराब हो जाती है। नशा एक धीमा जहर है जो युवाओं की मानसिक स्थिति खराब कर रहा है नशा एक ऐसी बुराई है जिससे इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है नाटक के अंत में नशा मुक्ति का संदेश दिया गया। नशे के लिए सबको मिलकर प्रयास करना होगा। रेलीयॉं निकालनी होगी, आंदोलन करने होंगे, नशीले पदार्थों पर बैन लगानें होंगे,सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया जाए।नाटक इतना प्रभावशाली था कि कलाकारों के अभिनय ने मुख्य अतिथियों स्काउट गाइड रोवर रेंजर विद्यार्थियों पर गहरी छाप छोड़ी। नाटक में कोमल राठौड़, खुशबू कुलदीप,लक्ष्मी बेनीवाल,चंद्रकांता वर्मा, विक्रम सैनी, प्रिंस सोगण,मनीष बुटोलिया, केशव शर्मा,अभय गोठवाल, सुनील सोगण आदि ने अभिनय किया।इस मौके पर सुनील सोगण ने स्वयं के द्वारा मुकअभिनय की प्रस्तुति सेव दा वाटर का प्रभावी सफल मंचन किया गया।इस मुक अभिनय की प्रस्तुति में यह संदेश दिया गया है कि जल अनमोल है जल ही जीवन है जल रहेगा तो अपना जीवन रहेगा हमें जल का दुरुपयोग रोक कर जल का संरक्षण करना चाहिए। मुकअभिनय की प्रस्तुति ने सबका ध्यान आकर्षित कर लिया।इस समारोह को सफल बनाने में मुख्य भूमिका स्थानीय संघ के सचिव प्रताप सोनी व सहायक सचिव नंदकिशोर मोरदिया कि रही।सचिव प्रताप सोनी ने कहां की प्रत्येक विद्यार्थियों को जीवन में रंगमंच की शिक्षा जरूर लेनी चाहिए। सहायक सचिव नंदकिशोर मोरदिया ने रंगमंच को अभिव्यक्ति का सबसे बड़ा माध्यम बताया।इस सुंदर अवसर पर धर्मेंद्र कुमार नावरिया, प्रधानाचार्य सीताराम कुलदीप, प्रधानाचार्य श्रवण कुमार शर्मा, स्काउटर सोहनलाल जांगिड़, नृत्य प्रशिक्षक गर्व कुमार,सिलाई प्रशिक्षक आरती शर्मा, गाइडर शिवानी जांगिड़, शिल्पा सोंकरिया, विजयलक्ष्मी सैनी, रोवर सुनील शर्मा, धर्मेंद्र प्रजापत, मुकेश ताखर,राहुल स्वामी, रमेश, गौरव सैनी, रेंजर आयशा सेन, शिवानी राजपूत, अभिषा चौधरी आदि स्काउट गाइड रोवर रेंजर की भागीदारी रही।

# संगम विश्वविद्यालय और आर्कगेट उदयपुर के बीच एमओयू



## छात्रों को मिलेगा इंटर्नशिप और प्लेसमेंट का लाभ

**सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया**

**भीलवाड़ा।** संगम विश्वविद्यालय भीलवाड़ा और आईटी सेवा कंपनी आर्क गेट उदयपुर के बीच समझौता (एमओयु) पर हस्ताक्षर किए गए। संगम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ करुणेश सक्सेना ने बताया की इस समझौते का मुख्य उद्देश्य छात्रों को उद्योग आधारित इंटर्नशिप, शैक्षणिक भ्रमण, कौशल आधारित ट्रेनिंग, तकनिकी ज्ञान, विशेषज्ञ सत्र एवं प्लेसमेंट अवसर प्रदान करना है। प्रो वीसी डॉ मानस रंजन पाणिग्रही ने बताया की इस तरह की पहल से विद्यार्थियों का शैक्षणिक विकास ही नहीं, बल्कि वे ''इंडस्ट्री रेडी'' भी बनेंगे। प्रोजेक्ट्स और विशेषज्ञ सेशंस की व्यवस्था से छात्रों के आत्मविश्वास एवं तकनीकी दक्षता में अभूतपूर्व वृद्धि होगी। आर्कगेट का सहयोग प्रशंसनीय है। रजिस्ट्रार डॉ राजीव मेहता ने इस सहयोग को छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु मील का पत्थर मानते हैं और इस अवसर के लिए आर्कगेट का धन्यवाद करते हैं। कंपनी के ह्यूमन रिसोर्स प्रमुख दक्ष भटनागर ने बताया कि युवा प्रतिभाएं राष्ट्र का भविष्य हैं। संगम विवि के साथ यह साझेदारी हमें नई टेक्नोलॉजी साझा करने और प्रतिभाओं को विकसित करने का अवसर देगी। ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट विभाग के डिप्टी डायरेक्टर डॉ अनुराग शर्मा ने बताया की समझौता ज्ञापन पर संगम विवि के कुलपति प्रो डॉ करुणेश सक्सेना एवं आर्क गेट के ह्यूमन रिसोर्स मैनेजर दक्ष भटनागर ने हस्ताक्षर किये। यह एमओयु छात्रों, विश्वविद्यालय और उद्योग क्षेत्र के लिए सभी हितों को एक साथ संजोने वाला एक सुव्यवस्थित दस्तावेज है। यह शिक्षा, अनुसंधान, कौशल व रोजगार को जोड़ता है और छात्रों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान नहीं, बल्कि व्यावहारिक अनुभव, कुशल तकनीकी प्रशिक्षण और प्रतिस्पर्धात्मक प्लेसमेंट अवसर देता है। इस अवसर पर विवि की और से अतुल पाराशर, डॉ रवि खटवाल तथा कंपनी की और से मनीष जोशी एवं सुश्री संगीता उपस्थित रहे।

# शक्ति नगर महिला महासमिति के चुनाव सम्पन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री 1008 श्री चंद्र प्रभु दिगम्बर जैन पल्लीवाल मंदिर में श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति राजस्थान अंचल के तत्वाधान में शक्ति नगर महिला महासमिति के चुनाव कराए गए।सोमवार 23जून 2025 को शक्ति नगर संभाग में एक जनरल मीटिंग रखी गई। मीटिंग में चुनाव अधिकारी राजस्थान अंचल अध्यक्षा श्रीमती शालिनी बाकलीवाल और राजस्थान अंचल कोषाध्यक्ष श्रीमती विद्युत लुहाड़िया के नेतृत्व में यह चुनाव कराए गए। सर्व सम्मति से संरक्षक पद के लिए प्रेमलता बोहरा, अध्यक्ष पद के लिए आशा अग्रवाल , उपाध्यक्ष राजकुमारी बेद,मंत्री पद के लिए सुनीता अजमेरा (शक्ति नगर), कोषाध्यक्ष अंकिता बिलाला, महिला प्रकोष्ठ मंत्री सुनीता अजमेरा(कृष्णा विहार), युवा प्रकोष्ठ मंत्री मीनू गंगवाल, सांस्कृतिक मंत्री बरखा गोधा, धार्मिक मंत्री रमिता शाह, नेहा पाटनी और निधि छाबड़ा को मनोनीत सदस्यों के रूप में चुना गया। बहुत ही सौहाद्रपूर्ण वातावरण मे चुनाव निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी को शपथ दिलाई गई। सभी सदस्यों ने पूर्ण निष्ठा से समिति के कार्यों को करने का संकल्प लिया।

# योग और रंगमंच का अद्भुत संगम "नाटकवाला अभिनयशाला" के बच्चों ने योग दिवस पर दी अनूठी प्रस्तुति

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नाटकवाला अभिनयशाला के 30 दिवसीय समर टाइम चिल्ड्रन ड्रामा प्रोडक्शन में भाग ले रहे बच्चों ने रविंद्र मंच परिसर में सामूहिक रूप से योग अभ्यास कर एक नई पहल की। बच्चों ने शारीरिक, मानसिक और रचनात्मक ऊर्जा के संतुलन के लिए योग को अपने दैनिक अभ्यास में शामिल करते हुए योग दिवस को उल्लासपूर्वक मनाया। नाटकवाला अभिनयशाला, जो कि जयपुर के आमेर क्षेत्र में सक्रिय रंगमंच संस्था नाटकवाला कला मंच द्वारा संचालित है, इस समय बच्चों के साथ एक विशेष समर थिएटर प्रोडक्शन ''जंगल जंक्शन'' पर कार्य कर रही है। इसमें बच्चे



स्वयं अपने अनुभवों और कल्पनाओं से प्रेरित होकर जंगल की कहानियों पर आधारित लघु नाटकों का निर्माण कर रहे हैं।इस बाल रंगमंच प्रशिक्षण शिविर का निर्देशन बाल रंगमंच प्रशिक्षक एवं निर्देशक ओम प्रकाश सैनी द्वारा किया जा रहा है, जिनके मार्गदर्शन में बच्चे अभिनय की बारीकियाँ, रंगमंचीय अनुशासन, संवाद अदायगी, शारीरिक अभिनय और नाट्य संरचना जैसे विविध पक्षों में गहराई से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इस अभिनव शिविर का समापन 30 जून 2025 को रविंद्र मंच, जयपुर पर भव्य बाल नाट्य मंचन के साथ होगा, जिसमें बच्चे अपनी रचनात्मक प्रस्तुतियाँ जनमानस के समक्ष रखेंगे। नाटकवाला कला मंच का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी बच्चों को रंगमंच के माध्यम से आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति और सृजनशीलता के साथ जोड़ना है। योग दिवस पर बच्चों द्वारा किया गया यह अभ्यास इस बात का प्रतीक है कि भविष्य की पीढ़ी केवल मंच पर ही नहीं, जीवन में भी संतुलन और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो रही है।

## आदर्श नगर में इतिहास रचने जा रहा है जैन समाज



**नई दिल्ली. शाबाश इंडिया।** राजधानी दिल्ली की धर्मनगरी मजलिस पार्क (आदर्श नगर) का सकल जैन समाज इतिहास के पन्नों में एक स्वर्णिम अध्याय जोड़ने जा रहा है। लगभग 40 वर्षों के इतिहास में पहली बार किसी दिगम्बर जैन मुनि का मंगल चातुर्मास आदर्श नगर में संपन्न होने जा रहा है। यह केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि एकता, श्रद्धा और समरसता का अनूठा उदाहरण है, क्योंकि इस ऐतिहासिक चातुर्मास को दिगम्बर और श्वेताम्बर जैन समाज संयुक्त रूप से आयोजित करने जा रहे हैं। प्रशममूर्ति आचार्य श्री शान्तिसागर जी महाराज (छाणी) परम्परा के प्रमुख संत परम पूज्य आचार्य श्री अतिवीर जी महाराज का आगमन पूरे क्षेत्र के लिए सौभाग्य का विषय है। समाज के वरिष्ठजनों के अनुसार, आदर्श नगर में यह पहली बार है जब किसी दिगम्बर जैन मुनि का चातुर्मास हो रहा है, और वह भी श्वेताम्बर समाज के पूर्ण समर्थन व सहयोग के साथ. यह आयोजन न केवल आध्यात्मिक ऊर्जा का स्रोत बनेगा, बल्कि समाज में सामूहिकता और धार्मिक सौहार्द की मिसाल भी पेश करेगा। समस्त आदर्श नगर क्षेत्र में इस चातुर्मास को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। समाज के हर वर्ग अपनी-अपनी भूमिकाओं में बढ़-चढ़ कर भाग ले रहे हैं। आचार्य श्री के सान्निध्य में चातुर्मास के दौरान विभिन्न धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा जो समस्त समाज में नवचेतना का संचार करने में सहायक होंगे।

### एकता की नई मिसाल बनेगा यह आयोजन

आदर्श नगर जैन समाज पिछले 6-7 वर्षों से निरंतर प्रयासरत रहा है कि क्षेत्र में पूज्य आचार्य श्री का चातुर्मास स्थापित हो जाए। यह समाज की संकल्पशक्ति, समर्पण और श्रद्धा का ही परिणाम है कि इस वर्ष यह स्वप्न साकार हो सका है। आचार्य श्री के आगमन के साथ ही समाज को वह आध्यात्मिक सौभाग्य प्राप्त हो रहा है जिसकी प्रतीक्षा वर्षों से की जा रही थी। जहाँ अक्सर अलग-अलग पंथों के कार्यक्रम अलग-अलग होते हैं, वहीं इस बार दोनों जैन संप्रदायों ने मिलकर एक ऐतिहासिक पहल की है। यह आयोजन आने वाली पीढ़ियों को यह सिखाएगा कि मत भले अलग हों, परंतु धर्म और सेवा की भावना हमें एक सूत्र में बाँध सकती है। **-समीर जैन**

**पंचम पुण्यतिथि 24.06.2025 पर हार्दिक श्रद्धांजलि**

हमारी प्रेरणास्त्रोत, धर्म परायण, धर्मनिष्ठ, सरल स्वभावी, व्यवहार कुशल

*''मीठी मधुर स्मृतियां आपकी कभी नहीं मिट पाएंगी। आपका वात्सल्य आपकी बातें सदैव याद आएंगी।।''*



**जन्म**
5 अगस्त, 1959
**स्वर्गवास**
24 जून, 2020

**श्रीमती सुशीला देवी जैन लुहाड़िया**

धर्म पत्नि श्री विनोद कुमार जैन शास्त्री ज्योतिषाचार्य, (पूर्व अध्यक्ष जेएसजी मानसरोवर)

राजदेवी (सास), विक्रम-नीता, मनोज-मेघना (पुत्र-पुत्रवधु), चंचल-राजेश बगड़ा (पुत्री-दामाद), गुनगुन, दीपक, मानव, खुश (पोत्रि-पोत्र), रोशन, गौरव (दोहिता)

समस्त लुहाड़िया परिवार।

पीहर पक्ष: लाल चंद (पिता) कमलेश-उषा गंगवाल, भाई-भाभी।

**Gungun Paradise Jewels**

607, Nagorio Ka Chowk , Bordi ka Rasta, Kishan Pol Bazar, Jaipur 302003 ★ Vikarm 9529490441, Manoj 9314527732

## वेद ज्ञान

### वसुधैव कुटुम्बकम की भावना का दायरा सीमित हो रहा

मनुष्य अपने और जिन्हें अपना मानता है, उनके साथ अपनी सारी भावनाएं जोड़ देता है। वह अपने लिए एक सुविधाजनक दायरा बना लेता है। जीवन भर वह इस दायरे में रहकर सुख या दुख का अनुभव करता रहता है। इससे उसके सुख और दुख के अवसर संकुचित हो जाते हैं। उसने अपने जीवन के मानदंड भी संकुचित कर लिए हैं। संतान, धन, पद, संपत्ति और शक्ति के अर्जन को वह खुशी के कारण मानता है। इनके चले जाने से वह दुखी होता है। उसकी सारी आशाएं इसी के इर्दगिर्द घूमती रहती हैं। वह अपनी मेहनत अपने भाग्य से जो चाहता है, उसे पाने में सफल रहता है। उसके पास सब कुछ होता है, फिर भी वह असंतुष्ट और खिन्न रहता है। ऐसा संसार में अधिकांश लोगों के साथ हो रहा है। संस्कृति और मूल्य बदल रहे हैं, किंतु दोष उनका नहीं। जीवात्मा तो वही है, जो सृष्टि के आरंभ से ही विभिन्न रूपों में जन्म लेकर संसार में आ-जा रही है। उसके मूल गुण नहीं बदल सकते। संकट उन गुणों को भुला दिए जाने का है। मनुष्य ने अन्य के साथ मनुष्य के नाते व्यवहार करना छोड़ दिया है। व्यवहार के कई स्तर बना लिए। आज व्यक्ति अपनी पत्नी व संतान के लिए कर सकता है वैसा परिजनों और संबंधियों के लिए भी नहीं करता। इसके बाद जो स्थान बचता है, वह मित्रों, परिचितों के लिए होता है। उसका धीरे-धीरे अन्य के प्रति अनुदार और उदासीन होते जाना मानव सभ्यता के लिए बड़ी चेतावनी है। कभी गांव और नगर के साथ स्वयं को जोड़ा जाता था। देश और समाज के प्रति प्रेम व चिंता होती थी। अब वह अनुभूतियां लुप्त हो गई हैं। अपने नगर और गांव की सुधि लेने का समय नहीं है। दायरों में सिमटे हुए लोग खुशियों को तरसते हैं। जीवन का सच्चा आनंद अपनी बनाई परिभाषाएं तोड़ कर ही मिलेगा। ईश्वर ने संसार में खुश और संतुष्ट रहने के अनंत कारण उत्पन्न किए हैं। प्रति क्षण संसार में कुछ न कुछ सुंदर घटित हो रहा है। सवाल स्वयं को उससे जोड़ने का है। इसके लिए परमात्मा का अंश होने की संवेदनशीलता होनी चाहिए। सारे जीव परमात्मा का ही अंश है, इसलिए यह अनुभूति उसे एक व्यापक परिवार का अंग बनाती है।

## संपादकीय

# संघर्षों में उलझ रही है दुनिया...

पूरी दुनिया का ध्यान इस समय जब ईरान- इस्राइल और गाजा संघर्षों में उलझा है, इसी दौर में भारत, अमेरिका सहित अनेक देश एक अन्य महत्त्वपूर्ण मुद्दे पर उलझे हैं। यह मुद्दा है धरती के गर्भ में पाए जाने वाले उन 17 दुर्लभ खनिजों का जिनके बगैर ऑटोमोबाइल और सैन्य-रक्षा सहित विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों का निर्माण संभव नहीं है। पिछले कुछ महीनों में हालात ज्यादा विकट होने चले हैं। 'रेअर अर्थ' की श्रेणी में आने



वाले दुर्लभ खनिज वाणिज्यिक, औद्योगिक संसाधन भर नहीं हैं, ये तकनीकी संप्रभुता, रक्षा तैयारियों और औद्योगिक, आर्थिक और सैन्य महाशक्ति बनने की संभावनाओं की नींव हैं। रेअर अर्थ मेटल 17 धातु तत्वों का एक समूह है, जिसमें 15 लैंथेनाइड्स धातुओं के अलावा स्कैंडियम भी और नियोडिमियम शामिल हैं। इनमें चुंबकीय, ल्यूमिनसेंट और इलेक्ट्रोकेमिकल के विशेष गुण होते हैं, जिनका उपयोग आधुनिक उच्च तकनीक उद्योग में किया जाता है। स्मार्टफोन, लैपटॉप और इलेक्ट्रिक वाहन बनाने के साथ मिसाइल, राडार और अत्याधुनिक हथियार बनाने के लिए ये 'अनिवार्य तत्व' हैं। रेअर अर्थ मैग्नेट सामान्य आयरन मैग्नेट से 20 गुना अधिक ताकतवर होता है, और कारों तथा कई अन्य उपकरणों में लगने वाली इलेक्ट्रिक मोटरों को बनाने के लिए जरूरी है। यूएस भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण डेटा पर आधारित एक नये ग्लोबल मैप के मुताबिक यों तो कई देशों में इन दुर्लभ तत्वों के भंडार हैं, लेकिन सर्वाधिक चीन में 44 मिलियन मीट्रिक टन भंडार हैं। चीन के बाद अफ्रीका, मोरक्को और दक्षिण अफ्रीका, चिली, ब्राजील, यूक्रेन और ग्रीनलैंड में दुर्लभ अर्थ मेटल्स के विशाल भंडार हैं। दिक्कत यह है कि इन देशों में इनकी खुदाई और प्रोसेसिंग महंगी है। इससे भारी मात्रा में प्रदूषण भी निकलता है। इन सब में चीन के पास ही इनकी प्रोसेसिंग की क्षमता है। वर्तमान में दुर्लभ पृथ्वी धातुओं का 61 प्रतिशत भंडार चीन में है, और पूरी दुनिया में 90 फीसद का वही निर्यात करता है। इन तत्वों को एक-दूसरे से अलग करना जटिल है। इसीलिए इन्हें ''रेअर'' माना जाता है। रेअर अर्थ की वैश्विक सप्लाई चेन में चीन का दबदबा है। आधुनिक इंडस्ट्री में इनका महत्त्व यों समझा जा सकता है कि चीन ने जब अप्रैल में रेअर अर्थ मैग्नेट समेत छह तरह की बहुमूल्य धातुओं के निर्यात पर रोक का फैसला किया तो वैश्विक कंपनियों में खलबली मच गई और ऑटोमोबाइल उद्योग को विशेष रूप से झटका लगा क्योंकि इलेक्ट्रिक वाहनों में इस्तेमाल होने वाले शक्तिशाली इंजन मैग्नेट नियोडिमियम से बनते हैं। भारत में भी टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज मोटर्स दबाव में आ गए। सुजूकी कंपनी को अपनी स्विफ्ट कार का निर्माण कुछ समय के लिए स्थगित करना पड़ा। ऐसा नहीं है कि भारत में ये दुर्लभ तत्व नहीं मिलते; भारत के पास तो विश्व में पांचवा सबसे बड़ा दुर्लभ खनिज भंडार है करीब 6.9 मिलियन मीट्रिक टन दुनिया में भारत की हिस्सेदारी छह फीसद है।

**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# अब खुलें दुनिया की आंखे

इजरायली हमलों से दो-चार ईरान पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यह कहते हुए उसके तीन परमाणु ठिकानों पर बम बरसाए कि ईरान आतंक का समर्थन करने वाला दुनिया का नंबर एक देश है। ईरान पर अमेरिकी हमले की विश्व भर में प्रतिक्रिया के बीच कश्मीर से आई खबर से यह स्पष्ट हुआ कि पहलगाम पर बर्बर आतंकी हमला पाकिस्तान से आए लश्कर के तीन आतंकियों ने किया था। इन तीन आतंकियों को शरण, समर्थन और सहयोग देने वाले पहलगाम के ही दो कश्मीरियों-परवेज अहमद और बशीर अहमद को एनआइए ने गिरफ्तार किया। इन दोनों ने यह माना कि उन्हें पता था कि पाकिस्तान से आए आतंकियों का इरादा क्या था। पूरी दुनिया को पता है कि इन आतंकियों ने पहलगाम में 26 निर्दोष लोगों को उनका मजहब पूछकर बर्बर तरीके से मारा। इस दिल दहला देने वाले आतंकी हमले की सारी दुनिया और यहां तक कि पाकिस्तान के साथ खड़े चीन, तुर्किये आदि ने भी निंदा की, लेकिन जब भारत ने जवाब में आपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के नौ प्रमुख आतंकी अड्डों को ध्वस्त किया तो कई देशों के सुर बदल गए। पाकिस्तानी सेना ने अपने आतंकी अड्डों को नष्ट किए जाने से चिढ़कर भारत पर ड्रोन और मिसाइल दागने की कोशिश की, लेकिन भारत ने उसके कई एयरबेस तबाह करने के साथ उसकी सेना को पंगु बना दिया। यह आश्चर्यजनक है कि चीन और तुर्किये तो पाकिस्तान के साथ खुलकर खड़े हुए ही, अमेरिका एवं अन्य पश्चिमी राष्ट्र यह कहने से साफ-साफ बचे कि भारत ने पाकिस्तान पर जो सैन्य कार्रवाई की वह उचित है और ऐसा करना उसका अधिकार था। कई देश तो भारत को उपदेश देने लगे कि वह सैन्य टकराव टालने की कोशिश करे। जब पाकिस्तानी सेना ने भारतीय सेना की आक्रामकता से बचने के लिए चीन, अमेरिका के साथ भारत से भी संपर्क किया तो भारत ने सैन्य



कार्रवाई स्थगित कर दी, लेकिन ट्रंप इसका श्रेय लेने में जुट गए कि उन्होंने कथित संघर्ष विराम कराया और दोनों देशों को परमाणु युद्ध से बचा लिया। यह दावा सही नहीं था और अब तो इसकी पुष्टि हो गई कि अमेरिकी राष्ट्रपति फर्जी दावा कर रहे थे। उनके इस दावे पर भारतीय प्रधानमंत्री ने उन्हें आईना भी दिखाया। इसके बावजूद अपने पहले कार्यकाल में पाकिस्तान से धोखा खाने वाले ट्रंप उसे अपना प्रिय देश बताने लगे और हद तो तब हो गई जब उन्होंने पाकिस्तान के जिहादी सोच वाले सेना प्रमुख आसिम मुनीर को वाशिंगटन बुला लिया। अच्छा हो कि अमेरिका सहित विश्व के प्रमुख राष्ट्रों की आंखें खुलें और वे आतंकवाद पर अपनी निर्लज्ज दोहरी नीति का परित्याग करें। भारत को इस दोहरे आचरण के संदर्भ में अपनी बात जोर-शोर से कहनी होगी-विशेषकर पाकिस्तान के नए-पुराने हमदर्द चीन और अमेरिका के समक्ष तो और अधिक मजबूती के साथ।

# कंज्यूमर कन्फेडरेशन ऑफ इंडिया, सीसीआई का शपथ ग्रहण संपन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** कंज्यूमर कन्फेडरेशन ऑफ इंडिया, सीसीआई ( भारतीय उपभोक्ता परिसंघ) की राजधानी जयपुर में राजस्थान प्रदेश ईकाई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ।राजस्थान प्रदेश सीसीआई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक झांझरी (जैन) ने बताया कि शिव शंकर राणावत को अजमेर जिले का व कौशल को भीलवाड़ा जिले का नवीन जिलाध्यक्ष बनाया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रीति पंड्या द्वारा परिसंघ के सम्मानित मंच से यह घोषणा की।शिवशंकर राणावत व कौशल के नवीन मनोनयन पर हार्दिक शुभकामनाएं। भारतीय उपभोक्ता परिसंघ के राष्ट्रीय चेयरमैन डॉ अन्नत शर्मा , राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रीति पंड्या, प्रदेश अध्यक्ष ज्योति गौड़ , वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री विजेन्द्र हलचल व महासचिव (संगठन) मुकेश वैष्णव का तहेदिल से हार्दिक आभार। अशोक झांझरी ( पूर्व न्यायाधीश) वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष, कंज्यूमर कन्फेडरेशन ऑफ इंडिया, राजस्थान(निवासी किशनगढ़, अजमेर)



# जयपुर योग महोत्सव 2025 में 'MENTAL HEALTH – A Holistic Perspective' पुस्तक का भव्य विमोचन




**जयपुर।** जयपुर योग महोत्सव 2025 के पावन अवसर पर आज 'MENTAL HEALTH – A Holistic Perspective (Yoga and Upanishadic Management)' पुस्तक का लोकार्पण समारोह भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस 275 पृष्ठों की अंग्रेज़ी पुस्तक के लेखक हरेंद्र सिंह जालिम सिंह का बास एवं डॉ. नरेंद्र कुमार हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान सरकार के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक पदक विजेता एवं अर्जुन अवार्डी गोपाल सैनी, जयपुर ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर एवं क्रिड़ा भारती के वरिष्ठ पदाधिकारी श नेम सिंह चौहान की गरिमामयी उपस्थिति रही। पुस्तक में योग, उपनिषदों और प्राचीन योग-दर्शन के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य पर व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया गया है। आधुनिक जीवन की भागदौड़, वृद्धावस्था, एकल परिवार प्रणाली और मानसिक तनाव जैसी चुनौतियों से निपटने में योग की भूमिका को गहनता से समझाया गया है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत, दिल्ली के उपमुख्यमंत्री प्रवेश साहिब सिंह, एवं राजस्थान के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने लेखकों के प्रयासों की भूरि-भूरि सराहना की। गौरतलब है कि दोनों लेखक वर्षों से योग शिक्षा के प्रचार-प्रसार में सक्रिय हैं। हरेंद्र सिंह जालिम सिंह का बास ने लगभग 9 महीने तक विदेश में योग शिक्षक के रूप में सेवा देकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाया है।

# योग शिविर का समापन हुआ



सोनल जैन. शाबाश इंडिया

**भिंड।** शहर में योग शिविर 3 दिन से चल रहा परेड मंदिर पुस्तक बाजार भिंड शिविर का आज समापन हुआ जैन मिलन महिला अंजना की सभी बहनों ने तीन दिन निरंतर अंतरराष्ट्रीय योग शिविर में अपनी महत्वपूर्ण योगदान दिया क्लास टीचर सिम्मी जैन का सभी बहनों द्वारा तिलक दुपट्टा गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया।योग टीचर ने बताया योग को अपने दिनचर्या में सम्मिलित करना जटिल नहीं योग का अपनी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा करने के लिए यह कुछ व्यवहारिक योग आत्मा जागरूकता स्वीकृति और आंतरिक शातिं विकसित करके भावनात्मक संतुलन लचीलापन बढ़ता है ।योग दर्शन का ध्यान का अभ्यास व्यक्त करता है। धार्मिक चेयरमैन वीरां स्नेहलता तीर्थ बचाओ वीरां मीरा जैन अध्यक्ष सुनीता जैन मंत्री रेनू जैन कोषाध्यक्ष सुमन कल जैन कुसुम जैन कविता जैन स्नेहलता जैन सुमन जैन आदि लोग मौजूद रहे।


## श्री राजेश-श्रीमती जैना जी गंगवाल

संरक्षक दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति



Happy Anniversary

24 जून' 25

की वैवाहिक वर्षगांठ पर

हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

शुभेच्छु

अध्यक्षः मनीष - शोभना लोंग्या

संस्थापक अध्यक्षः राकेश - समता गोदिका

सचिवः राजेश - रानी पाटनी

कोषाध्यक्षः दिलीप - प्रमिला जैन

सांस्कृतिक सचिवः कमल-मंजू ठोलिया

एवं समस्त सदस्य दिग. जैन सोशल ग्रुप सन्मति, जयपुर

# वर्धमान स्तोत्र महामण्डल विधान एवं जिनबिंब विराजमान महोत्सव का आयोजन

## मुख्य वेदी में विराजमान हुए तीर्थंकर प्रभु

**सीकर. शाबाश इंडिया**

सीकर के बजाज रोड स्थित श्री दिगंबर जैन नया मंदिर में श्री चौसठ ऋद्धि संपन्न 64 मंडलीय श्री वर्धमान स्तोत्र महामण्डल विधान एवं जिनबिंब विराजमान महोत्सव आयोजन किया गया। इस दौरान 64 युगलों ने 64 मंडलीय श्री वर्धमान स्तोत्र महामण्डल विधान का आयोजन किया। इसके बाद ध्वजारोहण कमल किशोर संगही परिवार ने किया गया। श्रीजी के जयकारे लगाए गए। जैन भवन से नया मंदिर तक भव्य जुलूस के साथ विधि-विधान से श्रीजी को मुख्य वेदी में विराजमान किया गया ।प्रियंक गंगवाल ने बताया कि भगवान शांतिनाथ की मूर्ति विराजमानकर्ता पंडित फूलचंद शास्त्री परिवार सीकर दिल्ली एवं सुमतिनाथ भगवान मूर्ति विराजमानकर्ता स्वर्गीय मिश्रीलाल काला धोद इम्फाल बेंगलुरु थे । सौधर्म इन्द्र बनने फतेहचंद काला परिवार धोद, कुबेर इंद्र कमल गंगवाल परिवार सुरेरा



वाले, ईशान इंद्र पवन छाबड़ा परिवार पालवास वाले, सानत इंद्र भागचंद सेठी परिवार खुड़ वाले, माहेन्द्र इंद्र प्रकाश चंद काला परिवार धोद वाले का सौभाग्य प्राप्त हुआ ।मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष गोपाल काला, मंत्री पवन छाबड़ा ने बताया कि मंगलाअष्टक,अभिषेक शांतिधारा के बाद सभी मांगलिक क्रियाएं हुई इस दौरान शांतिनाथ जी के सिंहासन मदन लाल पहाड़िया परिवार मांडोता वाले एवं छत्र मदन लाल छाबड़ा परिवार पालवास वाले,भामंडल राजकुमार संगही परिवार को सौभाग्य मिला और सुमतिनाथ जी का सिंहासन मनोज बज परिवार पलाड़ा वाले छत्र मुकेश कुमार लुहाड़िया परिवार सुरेरा वाले भामंडल विमला देवी रतन पाटनी परिवार धोद वाले सीकर



निवासी सूरत प्रवासी को सौभाग्य मिला श्री जी की शांति धारा फतेह चन्द काला,चिरंजी लाल काला और स्व. फूलचंद शास्त्री परिवार को मिला कार्यक्रम के दौरान वात्सल्य भोजन विमल कुमार झाँझरी (रेटा वाले) कमला देवी धर्मपत्नी श्रीमान स्वर्गीय राजकुमार मानजीका सीकर-सूर भागचंद नरेश कुमार कालीका परिवार पंडित फूलचंद शास्त्री परिवार परिवार सीकर-दिल्ली बुद्धि प्रकाश डॉ अंकुर ठोलिया मंडा वाले सीकर को प्राप्त हुआ श्री दिगम्बर जैन तेरहपंथ पंचायती नया मन्दिर के सभी सदस्य गोपाल काला पवन छाबड़ा विनोद संगही तेजकरण पिराका मुकेश लुहाड़िया अंकित मानजीका प्रियंक गंगवाल ने लाभार्थी परिवारों का स्वागत सम्मान किया।

## वैश्य महासम्मेलन राजस्थान की महिला विंग में प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर मीना जैन चौधरी मनोनीत



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** अंतरराष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन की महिला विंग की पूर्व जिला अध्यक्ष मीना जैन चौधरी को अंतरराष्ट्रीय वैश्य फैडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष एन के गुप्ता, प्रभारी धुवदास अग्रवाल,महामंत्री गोपाल गुप्ता की सहमति से महिला विंग प्रदेशाध्यक्ष चारू गुप्ता ने मीना जैन चौधरी को अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन राजस्थान की महिला विंग में प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर उनके अनुभव कार्यकुशलता के आधार पर नियुक्त किया ।

## श्री दिगंबर जैन महासमिति जयपुर कैंपिटल संभाग के चुनाव सम्पन्न



**जयपुर. कासं।** श्री दिगंबर जैन महासमिति जयपुर कैपिटल संभाग के चुनाव राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती शीला डोडया के निदेर्शानुसार राजस्थान अंचल अध्यक्ष श्रीमती शालिनी बाकलीवाल और प्रदेश कोषाध्यक्ष श्रीमती विद्युत लुहाड़िया दोनों चुनाव अधिकारियों के सानिध्य में निर्विरोध सानंद संपन्न हुए। पूर्व अध्यक्ष और मंत्री के द्वारा दोनों चुनाव अधिकारियों का तिलक माला पहनाकर स्वागत किया गया। अध्यक्ष श्रीमती मंजू जैन सेवा वाले गायत्री नगर से, मंत्री श्रीमती विनीता बोहरा वैशाली नगर से, कोषाध्यक्ष श्रीमती आशा लुहाडिया कीर्ति नगर से, महिला प्रकोष्ठ मंत्री श्रीमती सरोज जैन मोहनबाड़ी से, युवा प्रकोष्ठ मंत्री श्रीमती नीतू जैन आदर्श नगर से और दो मनोनीत सदस्यों के रूप में श्रीमती लता बाकलीवाल वैशाली नगर से श्रीमती सुनीता जैन गायत्री नगर से को निर्विरोध चुना गया ।चुनाव में गायत्री नगर, मंगल विहार , मालवीय नगर सेक्टर 3 , बरकत नगर, कालवाड़ रोड मंगलम सिटी , आदर्श नगर, मोहनबाड़ी, सेठी कालोनी, झोटवाड़ा आदि इकाइयों के सदस्य मौजूद थे।


श्री प्रमोद-श्रीमती नमिता जी जैन

सदस्य दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति






24 जून' 25

की वैवाहिक वर्षगांठ पर

हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

शुभेच्छु

अध्यक्षः मनीष - शोभना लोंग्या

संस्थापक अध्यक्षः राकेश - समता गोदिका

सचिवः राजेश - रानी पाटनी

कोषाध्यक्षः दिलीप - प्रमिला जैन

सांस्कृतिक सचिवः कमल-मंजू ठोलिया

एवं समस्त सदस्य दिग. जैन सोशल ग्रुप सन्मति, जयपुर

# आपके जूते ही क्या आपको अंदर से मार रहे हैं?



हम अपने जूतों को सिर्फ पैरों के लिए पहनते हैं, लेकिन क्या आपको पता है कि आपके जूते आपके पूरे शरीर को भी प्रभावित कर सकते हैं? गलत या पुरानी चप्पल और जूते पहनना सिर्फ पैरों को नहीं, बल्कि आपकी सेहत को अंदर से धीरे-धीरे नुकसान पहुंचा रहा है।

## वैज्ञानिक कारण:

पैर हमारे शरीर का आधार होते हैं। जब आपके जूते सही आकार या आरामदायक नहीं होते, तो: पैरों में दर्द और असंतुलन पैदा होता है। यह समस्या घुटनों और कूल्हों तक फैलती है। बदले हुए चलने के तरीके से आपकी रीढ़ और कमर पर दबाव बढ़ जाता है। अंत में, सिरदर्द, थकान और पूरे शरीर में कमजोरी महसूस होती है।

**कैसे पहचानें कि आपके जूते आपको नुकसान पहुंचा रहे हैं?**

पैरों में बार-बार छाले या फफोले बनना, चलने या खड़े होने पर जल्दी थक जाना, पैर और पीठ में लगातार दर्द महसूस होना, जूते पहनने के बाद पैर लाल या सूजे हुए दिखना।

**अब आइए कुछ असरदार और आसान घरेलू उपाय जानें जो आपको राहत देंगे:**

**जूते चुनने में सावधानी:** हमेशा आरामदायक, पैरों के आकार के अनुसार फिटिंग वाले जूते पहनें। फ्लैट और बहुत पतली सोल वाले जूतों से बचें।

**नींबू और हल्दी का लेप:** नींबू का रस और हल्दी पाउडर मिलाकर पेस्ट बनाएं। दर्द वाले हिस्से पर लगाएं। यह सूजन कम करता है और दर्द में आराम देता है।

**पैरों की मालिश करें:** नारियल तेल या तिल के तेल से रोजाना पैर की मालिश करें। इससे रक्त संचार बेहतर होता है और दर्द कम होता है।

**पैरों की स्ट्रेचिंग:** रोजाना हल्की स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज करें, खासकर पैरों और कमर के लिए।

**गरम पानी में पैर भिगोना:** गर्म पानी में थोड़ा सेंधा नमक डालकर 15 मिनट तक पैर भिगोएं। यह थकान और दर्द को कम करता है।

## ध्यान रखें

जूते सिर्फ पैरों का नहीं, आपके शरीर का भी साथ निभाते हैं। इसलिए जूतों को हल्के में न लें। सही जूते, सही देखभाल, और सही आदतें ही आपको अंदर से स्वस्थ बनाएंगी। अगर आपको भी जूतों से होने वाली परेशानियां हो रही हैं, तो इसे शेयर करें।



डा पीयूष त्रिवेदी आयुर्वेद एक्सपर्ट
शासन सचिवालय जयपुर ।
9828011871

# 650 वर्ष प्राचीन प्रतिमा पारसनाथ के अभिषेक शांति धारा और पूजन हुई



जयपुर. शाबाश इंडिया। पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर सांख सीनदोली गोनेर जिन अभिषेक मंडल श्योपुर के द्वारा 650 वर्ष अति प्राचीन प्रतिमा पारसनाथ भगवान के अभिषेक शांति धारा और पूजन की। जिसमें बच्चे पुरुष और महिलाएं काफी संख्या में मौजूद थे सविनय भक्ति भाव के साथ अभिषेक शांति धारा पूजन की वहां के स्थानीय संयोजक विकास सेठी और सुनील सेठी ने बताया की मूल नायक पारस बाबा की प्रतिमा के साथ-साथ महावीर भगवान नेमिनाथ भगवान चंद्र प्रभु भगवान आदिनाथ भगवान यह प्रतिमाएं भी साथ की ही प्रतिमाएं हैं । यह मंदिर करीबन 4 साल से साल से बंद पड़ा हुआ था यह मंदिर जर्जर अवस्था में था। लोगों ने इस मंदिर की दोबारा रिपेयरिंग रंग रोगन मार्बल आदि का काम कराया। राकेश पाटनी भोज्याडा ने बताया कि जिन अभिषेक मंडल के संयोजक भाई अजय नीरज विवेक जैन ने व्यवस्थाओं को बनाए रखा और मंडल को सहयोग प्रदान किया। मंडल के सभी सदस्यों ने सहयोग प्रदान किया ।

श्री अनिल-श्रीमती अनीता जी जैन
संगठन सचिव दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति




24 जून' 25

की वैवाहिक वर्षगांठ पर
हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
शुभेच्छु
अध्यक्ष: मनीष - शोभना लोंग्या
संस्थापक अध्यक्ष: राकेश - समता गोदिका
सचिव: राजेश - रानी पाटनी
कोषाध्यक्ष: दिलीप - प्रमिला जैन
सांस्कृतिक सचिव: कमल-मंजू ठोलिया
एवं समस्त सदस्य दिग. जैन सोशल ग्रुप सन्मति, जयपुर

# मुनि आदित्य सागर जी से मिला आशीर्वाद



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

कीर्ति नगर जयपुर में प्रवास कर रहे पट्टाचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य श्रुत संवेगी मुनि श्री 108 आदित्य सागर जी महाराज से, दस दिन के लिए विदेश यात्रा पर जा रहे धर्म जागृति संस्थान के प्रांतीय अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर कीर्ति नगर मंदिर के मंत्री जगदीश जैन, राजस्थान जैन युवा महासभा के महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा, मुनि सेवा समिति बापूनगर के मनोज झाझरी एवं अन्य गणमान्य की गरिमामय उपस्थिति रही।

# तमिल हास्य अभिनेता राजेंद्रन का प्रवासियों ने किया सम्मान



**मदुराई तमिलनाडु. शाबाश इंडिया।** प्रसिद्ध तमिल हास्य अभिनेता मिसे राजेंद्रन एक दिवसीय प्रवास पर मदुराई आगमन पर प्रवासी राजस्थानियों ने किया सम्मान मीडिया प्रभारी दिनेश सालेचा ने बताया कि मिसे राजेन्द्रन एक प्रसिद्ध तमिल हास्य कलाकार है उन्होंने तमिल, तेलगु, कन्नड़, हिन्दी सिनेमा में हास्य भूमिकाएँ निभाई है उनका तमिल सिनेमा में लोकप्रिय नाम है उनका मदुराई में प्रवासी राजस्थानी समाज के लोगों ने शॉल व माला पहनाकर सम्मान किया। इस मौके पर शायरमल भंडारी, विजयसिंह राजपुरोहित, रतनलाल, दिनेश जैन,संतोष जैन, दीपक तातेड़, संजय भंडारी, राहुल भंडारी, वर्षा जैन, आशा जैन, सहित स्थानीय तमिलभाषी प्रशंसक मौजूद रहे। उन्होंने प्रवासियों द्वारा दिए गए सम्मान की प्रशंसा की।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर **'शाबाश इंडिया'** आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

**सम्पादकः राकेश जैन गोदिका**
**@ 94140 78380, 92140 78380**

**दैनिक ई-पेपर**
**शाबाश इंडिया**
shabaasindia@gmail.com | weeklyshabaas@gmail.com




**श्रीमती सुनीता जी- श्री रमेश जी गंगवाल**

संगिनी फॉरएवर के सचिव और महासमिति के इकाई के अध्यक्ष को वैवाहिक वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाए एवम बधाई

शुभेच्छु

अध्यक्ष : शकुन्तला-महावीर बिंदायका
कोषाध्यक्ष: उर्मिला राकेश जैन



**श्रीमती उर्मिला जैन-श्री राकेश जैन**

संगिनी फॉरएवर की कोषाध्यक्ष महासमिति राजस्थान महिला अंचल की कोषाध्यक्ष को वैवाहिक वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं एवम बधाई

अध्यक्ष शकुन्तला- महावीर बिंदायका
सचिव सुनीता - रमेश गंगवाल




# कल्पनाओं से सजी रैंप परिधि: चर्चित रहा कॉलेज विद्यार्थियों का "स्टाइल स्टेटमेंट"




## जेनेसिस 2025 कल्चरल फेस्ट समापन अवसर पर वीआईएफटी कॉलेज स्टूडेंट्स का जलवा

उदयपुर। शिल्पग्राम रोड स्थित मेवाड़ बैंक्विट हॉल में पेसिफिक मेडिकल कॉलेज उमरड़ा के दो दिवसीय मेगा इवेंट जेनेसिस 2025 कल्चरल फेस्ट समापन शानदार प्रस्तुतियों और उत्साह भरे माहौल में हुआ। इसमें बॉलीवुड 1 व गायक अमित त्रिवेदी, डीजे शैडो (दुबई), डीजे स्विजल, डीजे कियारा की धुनों पर पूरा बैंक्विट हॉल थिरक उठा। इसी कड़ी में स्टैंडअप कॉमेडियन इंदर साहनी और वालिया के चुटीले संवादों ने दर्शकों को खूब गुदगुदाया। वहीं, गीतकार रणमल जैन की प्रस्तुतियों पर विद्यार्थियों ने ऊर्जा का अहसास प्रदान किया। इस अवसर पर यूआइटी सर्किल स्थित वैंकटेश्वर इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी एंड मास कम्यूनिकेशन कॉलेज के क्रिएटिव स्टूडेंट्स ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा और क्षमता का प्रदर्शन करते रैंपवॉक से कार्यक्रम में उपस्थित हजारों लोगों का दिल जीत लिया। इस फैशन वॉक में कॉलेज में अध्ययनरत डिजानर सरिता चौधरी की बनाई ड्रेसेज पर रानू सोनी व मोहम्मद अमान, हर्ष अग्रवाल की बनाई ड्रेस पर अली खान व प्रांजल साहू, मुस्कान बानो की ड्रेस पर हार्दिक जैन व हेमलता तेली, प्रेक्षा जैन की फैशन ड्रेस पर साहिल प्रजापत व मोनिका तेली, रिशिता प्रजापत की बनाई ड्रेस पर मोहम्मद जैद व सैयद जेबिद, प्रिया कुमावत की फैशन ड्रेस पर शाफिल हुसैन व तान्या गोस्वामी तथा लोकश सालवी और रीना पालीवाल ने अपनी बनाई ड्रेसेज से रैंप पर जलवे बिखेरे। बाद में सभी प्रतिभागी कॉलेज स्टूडेंट्स ने इस उपलब्धि पर संतोष व्यक्त करते कहा कि उनकी इस क्रिएटिव सोच को हकीकत में साकार करने में कॉलेज डायरेक्टर डॉ रिमझिम गुप्ता, प्रिंसीपल विप्रा सुखवाल सहित फैशन डिपार्टमेंट हेड निशत परवीन, प्रियांशी शर्मा और अनुष्का भटनागर के अथक श्रम और मार्गदर्शन से बड़ा मंच मिला। रैंप शो के दौरान पिम्स एमडी नमन अग्रवाल सहित चेयरपर्सन आशीष अग्रवाल, सीईओ शीतल अग्रवाल, वाइस चांसलर डॉ. प्रशांत नाहर, रजिस्ट्रार डॉ. देवेंद्र जैन, प्रिंसिपल डॉ. सुरेश गोयल और बोर्ड मेंबर डॉ. भगवान दास राय उपस्थित रहे।

<u>रिपोर्ट/फोटो : राकेश शर्मा 'राजदीप'</u>

# मोह एवं अज्ञान सबसे बड़े शत्रु: मुनि आदित्य सागर

## गायत्री नगर दिगम्बर जैन मंदिर में होगा मंगल प्रवेश, मुनि श्री ससंघ करेगे जयपुर भ्रमण। शहर की 10 कालोनियों में बहेगी ज्ञान एवं धर्म की गंगा




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** व्यक्ति का सबसे बड़ा सुख और सबसे बडा शत्रु क्या है? इस विषय पर प्रवचन देते हुए श्रुत संवेगी महाश्रमण आदित्य सागर मुनिराज ने कीर्ति नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में आयोजित धर्म सभा में कहा कि डर के आगे कोई जीत नहीं है। सबसे बडा सुख ज्ञान में लीन रहना है। जितना ज्यादा बाहर की चीजों में लीन रहोगे, उतना ज्यादा दुखी होगे। बुरी चीजो को कम जानोगे, उतना ही ज्यादा सुखी रहोगे। बाहर का कचरा इक्ट्ठा करने की बजाय अन्दर के ज्ञान को खोजे। किताबों के पढने से ही ज्ञान नही आता है अपितु विशुद्धि से ज्ञान आता है। कुछ भी चला जाए लेकिन विशुद्धि नही जानी चाहिए। जब साधु एक होगे तो समाज भी एक होगा। इच्छा से किया गया दान ही फलदायी होता। परस्पर में बैठकर के बात करना विशुद्धि को बचाने का साधन है। ज्ञान में ही सुख है। मोह एवं अज्ञान सबसे बडा शत्रु है। अतः शत्रुओं से बचना है तो मोह से बचो। इससे पूर्व धर्म सभा में समाजश्रेष्ठी सोहन लाल गंगवाल भीलवाड़ा, विनोद काला कोटा, दीक्षान्त हाडा ने भगवान पार्श्वनाथ के चित्र का अनावरण एवं दीप प्रज्जवलन किया। मुनि भक्त विनोद जैन कोटखावदा, मनोज झांझरी, सोहन लाल गंगवाल, विनोद काला ने पाद पक्षालन किया। इस मौके पर अतिथियों का स्वागत मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रेम कुमार जैन, मंत्री जगदीश जैन, प्रचार मंत्री आशीष बैद, अखिलेश गंगवाल आदि ने किया। जिनवाणी स्तुति के बाद समापन हुआ। धर्म सभा में समाजश्रेष्ठी विनोद जैन कोटखावदा मनोज झांझरी, चेतन जैन निमोडिया, भंवर लाल जैन, दिलीप पाटनी, अशोक पापडीवाल, अतुल मंगल लवली, नवनीत जैन सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे। मंच संचालन मंत्री जगदीश जैन ने किया। मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रेम कुमार जैन एवं मंत्री जगदीश जैन के मुताबिक आहार चर्या के बाद संतों ने सामायिक की। दोपहर में जिनवाणी चर्चा की गई। सायंकाल गुरु भक्ति, आरती के बाद श्रुत समाधान कार्यक्रम किया गया। मीडिया प्रभारी विनोद जैन कोटखावदा एवं आशीष बैद ने बताया कि मुनि श्री ससंघ मंगलवार, 24 जून से रविवार, 6 जुलाई तक जयपुर भ्रमण करेंगे। इस दौरान शहर की 10 कालोनियों में धर्म एवं ज्ञान की गंगा बहेगी। इसी कड़ी में मंगलवार, 24 जून को प्रातः 6.30 कीर्ति नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से गायत्री नगर स्थित श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर के लिए मंगल विहार होगा। गायत्री नगर दिगम्बर जैन मंदिर में मुनि श्री ससंघ के सानिध्य में प्रातः 8.15 बजे धर्म सभा का आयोजन किया जाएगा। सायंकाल 6.15 बजे गुरु भक्ति, आरती के बाद श्रुत समाधान का आयोजन किया जाएगा। श्री जैन के मुताबिक 24 व 25 जून को गायत्री नगर जैन मंदिर, 26 व 27 जून को मीरा मार्ग के श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, 28 व 29 जून को मधुवन टौक फाटक स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर के 50 वें वार्षिक मेले के उत्सव में सानिध्य प्रदान करेंगे। मुनि श्री ससंघ 30 जून से 2 जुलाई तक बापूनगर के गणेश मार्ग स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन चैत्यालय, 3 जुलाई को जनकपुरी के दिगम्बर जैन मंदिर, शुक्रवार 4 जुलाई को सिद्धार्थ नगर के श्री दिगम्बर जैन मंदिर महावीर स्वामी (खण्डाकान) में प्रवास करेंगे। श्री जैन ने बताया कि मुनि संघ शनिवार 5 जुलाई को प्रातःतारों की कूंट स्थित सूर्य नगर के श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में भव्य मंगल प्रवेश करेंगे। सूर्य नगर सहित सभी कालोनियों में मुनि श्री ससंघ के प्रवास के दौरान धर्म सभा, आहार चर्या, सामायिक, शास्त्र चर्चा, श्रुत समाधान, आरती, गुरु भक्ति सहित कई आयोजन होगें। मुनि संघ रविवार, 6 जुलाई को सुबह सूर्य नगर से मंगल विहार कर सांगानेर थाना सर्किल स्थित चित्रकूट के श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर पहुंचेगा जहां आचार्य सुन्दर सागर जी मुनिराज ससंघ की भव्य अगवानी जुलुस में शामिल होगा। इसी दिन सायंकाल वापस कीर्तिनगर जैन मंदिर में भव्य मंगल प्रवेश होगा। **-विनोद जैन कोटखावदा**

# प्राकृतिक नेत्र चिकित्सा का अनूठा शिविर

## नैचुरा आई केयर और योगा सेंटर में निःशुल्क उपचार




**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** मीरा नगर स्थित नैचुरा आई केयर और योगा सेंटर (एनआईसीसी) में नेत्र रोगों का प्राकृतिक तरीके से उपचार किया जा रहा है। एनआईसीसी निदेशक डॉ. स्वीटी छाबड़ा ने सोमवार को पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि यहां बिना किसी दवा, सर्जरी अथवा चश्मे पर निर्भरता के केवल नेत्र व्यायाम और प्राकृतिक चिकित्सा से आंखों की समस्याओं का समाधान किया जाता है। आमजन को इस पद्धति से अवगत कराने के लिए सेंटर पर 1 जुलाई तक प्रतिदिन सायं 4 से 6 बजे निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित किया जा रहा है। डॉ. छाबड़ा ने बताया कि धुंधली दृष्टि, नजदीक या दूर की दृष्टि की समस्या, सूखी या तनावग्रस्त आंखें, बच्चों में भेंगापन, आंखों की थकान, सिरदर्द और आंखों में दर्द जैसी समस्याओं से जूझ रहे लोग इस शिविर में लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि आंखों की मांसपेशियों को भी शरीर की तरह व्यायाम की आवश्यकता होती है, ताकि उनकी क्षमता और समन्वय बेहतर हो सके। इस शिविर में बच्चों और वयस्कों दोनों को प्राकृतिक तरीके से चश्मा हटाने या उसकी निर्भरता घटाने का मार्गदर्शन किया जाता है। सेंटर पर व्यक्तिगत नेत्र चिकित्सा योजनाएं, हर्बल उपचार, नेत्र योग सत्र और जीवनशैली संबंधी सलाह भी दी जाती है। इसी कड़ी में हनी कौर ने बताया कि यहां सैकड़ों बच्चों ने प्राकृतिक नेत्र व्यायाम से चश्मा हटाया है और अनेक वरिष्ठ नागरिकों ने बिना सर्जरी दृष्टि में उल्लेखनीय सुधार अनुभव किया है। कार्यालय जाने वाले लोग भी कुछ सत्रों में सिरदर्द और आंखों के तनाव से राहत पा चुके हैं। डॉ. छाबड़ा और हनी कौर ने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपनी दृष्टि को बेहतर बनाने के लिए इस शिविर का लाभ उठाएं और प्रकृति की शक्ति से आंखों की रोशनी को निखारें। **रिपोर्ट/फोटो : राकेश शर्मा 'राजदीप'**